卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त ● हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 51 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦28 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in







# श्रमिकों को सुरंग से आज मिलेगी आजादी!

## सुरंग के पास पहुंचने में अब महज कुछ कदम की दूरी शेष, काम आई मैनुअल खुदाई

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए बीते 17 दिनों से चलाये जा रहे अभियान में आज सफलता मिलने की उम्मीद हैं। आज शाम ढलने से पहले मजदूरों के बाहर निकाल लिया जाएगा। दोपहर तक मैनुअल ड्रिलिंग करीब 56 मीटर पूरी हो चुकी है और 57 मीटर पर ब्रेकथ्रू होने की उम्मीद है। बता दें बीते 12 नवम्बर को भूस्खलन से 41 श्रमिक सुरंग के भीतर फंस गये थे। उन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। जिसमें कई बार अड़चनें आ चुकी है। अब अभियान अंतिम चरण में हैं जिसमें आज सफलता मिलने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि मैनुअल खुदाई कर रही टीम अब श्रमिकों से महज तीन मीटर की दूरी पर है। खुदाई का काम तेजी से किया जा रहा है।जिससे शाम तक मजदूरों के सकुशल बाहर निकलने की संभावना है। श्रमिकों की सलामती के लिए सुरंग के बाहर बाबा बौखना के मंदिर पर लोग हवन पूजा कर रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर सुरंग में फंसे श्रमिकों के राहत एवं बचाव कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि जल्दी मजदूरों को निकालने की उम्मीद है। सुरंग के अंदर मैन्युअल ड्रिलिंग में तेजी है। 57 मीटर



अंदर फंसे श्रमिकों के साथ ही बाहर राहत बचाव कार्य में जुटे लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। मंगल वार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा टनल में पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। तक ड्रिलिंग होनी है। जिसमें से करीब 54 मीटर पूरी हो चुकी है। सुरंग में सब ठीक है, जल्द मजदूरों को निकाल लिया जाएगा। ज्यादा दिक्कत नहीं है। बड़ी बाधाएं दूर कर ली गई हैं। वहीं सुरंग के बाहर मजदूरों के परिजनों को तैयार रहने और मजदूरों के कपड़े और बैग तैयार रखने को कहा गया है। मजदूरों को रेस्क्यू कर बाहर निकालकर चिन्यालीसौड़ अस्पताल ले जाया जाएगा। जैसे-जैसे टीम मजदूरों के नजदीक पहुंच रही है वैसे-वैसे सुरंग के बाहर हलचल भी बढ़ गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री रिटायर्ड जनरल वीके सिंह भी सिलक्यारा पहुंचे हैं। वह मैन्युअल ड्रिलिंग का जायजा लेने के लिए सुरंग के अंदर गए।

# सड़क हादसे में प्रशिक्षु आईएएस समेत दो घायल

रुड़की(उद संवाददाता)। नारसन बॉर्डर पर एक कार गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। दर्दनाक हादसे में प्रशिक्षु आईएएस समेत दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हैदराबाद निवासी मनोज वर्तमान में मसूरी



स्थित लाल बहादुर शास्त्री अकादमी में आईएएस का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सुबह वह दिल्ली स्थित एयरपोर्ट से टैक्सी लेकर मसूरी जा रहे थे। जब वह नारसन बॉर्डर पर पहुंचे तो उनकी कार गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जा घुसी। जिसमें कार चालक एवं प्रशिक्षु आईएएस मनोज घायल हो गए। उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया है। चालक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# नशेडियों ने युवक को मारी गोली,गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि नशे मे चूर युवकों ने घर से भाई को लेने के लिए जा रहे एक युवक को गोली मार दी जिससे युवक की से लथपथ होकर वही गिर पड़ा। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए एसटीएच ले जाया गया। जहां से उसे राम मूर्ति अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया। घटना क्यों और कैसे हुई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। मामले में अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। बताया जाता है कि मूलरूप से कोटाबाग निवासी 23 वर्षीय उमेश सिंह बिष्ट यहां नैनीताल रोड पर गुलाटी चिकन वाली गली में किराए पर रहता है और दुर्गा सिटी सेंटर के पीछे स्मार्ट प्वाइंट में बतौर सेल्समैन के पद पर काम करता है। भोटियापड़ाव पुलिस को उमेश ने बताया कि रविवार रात उसका भाई देहरादून से लौट रहा था और वह घर से भाई को लेने के लिए निकला था। इसी



दौरान गुलाटी चिकन के पास पीछे से आ रहे कुछ लोगों ने उसे आवाज लगाई। लेकिन उक्त लोगों के नशे में होने की वजह से वह रुका नहीं। इस पर उक्त लोगों में से एक उसे गोली मार दी। गोली उसके बायें पैर की जांघ में लगी और लहूलुहान होकर वह वहीं गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। वहीं से गुजर रहे एक व्यक्ति ने 108 एंबुलेंस की मदद से उमेश को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां हालत नाजुक होने पर उसे बरेली स्थित राम मूर्ति अस्पताल रेफर कर दिया गया। भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी कुमकुम धानिक ने बताया कि घटना रात करीब डेढ़ बजे की है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज भी चेक किए गए, लेकिन घटना स्पष्ट नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मामले में तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ठगों ने खाते से निकाले 1.54 लाख

काशीपुर(उद संवाददाता)। यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर साइबर ठग ने एक व्यक्ति के अलग-अलग खाते से 1,54000 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्टेडियम रोड प्रकाश रेजीडेंसी निवासी रचित अग्रवाल पुत्र हरि ओम अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जुलाई 2023 को लगभग दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक यूपीआई के माध्यम से ऑन लाइन वित्तीय धोखाधड़ी कर उसके अलग-अलग बैंक खातों से 1,54000 रुपये निकाले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार परअज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर निगम में कोश्यारी का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का नगर निगम पहुंचने पर मेयर रामपाल सिह की अगुवाई में भव्य स्वागत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री कोश्यारी ने नगर निगम पहुंचकर नवनिर्मित सुभाष चतुर्वेदी सभागार का निरीक्षण किया और पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. सुभाष चतुर्वेदी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्री कोश्यारी ने मेयर रामपाल के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पूर्व सीएम श्री कोश्यारी ने कहा कि पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी उनके बेहद करीबी थे और एक अनुभवी और सुलझे हुए राजनीतिज्ञ थे। उनकी स्मृति में मेयर रामपाल सिंह ने सभागार का नामकरण कर स्व. सुभाष चतुर्वेदी की स्मृतियों को सहेजने का काम किया है। इस दौरान श्री कोश्यारी ने कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात भी की और उनके साथ चाय पर चर्चा की। श्री कोश्यारी ने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने का आहवान भी किया। श्री कोश्यारी ने मेयर रामपाल सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि मेयर रामपाल सिंह ने पारदर्शिता ओर ईमानदारी के साथ जो काम किये हैं उससे (शेष पृष्ठ सात पर)





# जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी शुक्ल को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता सेनानी पं.रामसुमेर शुक्ल की जयंती पर आज डीडी चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे व पूर्व मुख्यमंत्री तथा महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के साथ स्वतंत्रता सेनानी पं. शुक्ल के पौत्र पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी पं. रामसुमेर शुक्ल ने स्वतंत्रता आन्दोलन के सदस्य के रूप में बढ़चढ़कर भाग लिया था। उन्होंने कहा कि पं. राम सुमेर शुक्ल का यहां आना और यहां आकर तराई को बसाना आज तक न सिर्फ तराई के लोग बल्कि दूर दराज के लोग भी याद करते हैं। पं. सुमेर ने इस तराई में सैकड़ों लोगों को बसाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए भरपूर मदद की। यह इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। पूर्व मुख्य मंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामसुमेर शुक्ल ने जहां तराई को बसाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब उनके पौत्र पूर्व विधायक राजेश शुक्ला उनके पद चिन्हों पर चलते हुए पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र को चहुंमुखी विकास प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें शुक्ला परिवार से हमेशा अपनत्व रहा है। वह सदैव पं. सुमेर को नमन करते रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, तरूण दत्ता, सुरेश परिहार, केके दास, फरजाना बेगम, श्वेता मिश्रा, रश्मि रस्तोगी, नत्थू लाल गुप्ता, राजेश (शेष पृष्ठ सात पर)



# श्रमिकों तक पहुंचा पाईप, सुरंग के बाहर एंबुलेंस तैनात

## सुरंग में फंसे श्रमिकों की सुरक्षा के लिए किया गया हवन पूजन, बौखनाग देवता का बनेगा भव्य मंदिर

उत्तरकाशी। दीपावली पर्व के दिन सुबह से सुरंग में फंसे हुए श्रमिकों के सुरक्षित बचाव के लिए प्रार्थना की जा रही है। सोमवार को यहां हवन पूजा का आयोजन किया गया। भारी संख्या में पहुंचे लोग श्रमिकों की सलामती के लिए अपने इष्ट देवता बौखनाग देवता से मनोकामना कर रहे है साथ वहां भव्य मंदिन बनाने की भी अपील गई है। ग्रामीणों के अनुसार रेस्क्यू ऑपरेशन में अब कोई विघ्न और बाधा नहीं आऐगी और मजदूर भी सुरक्षित बाहर आ जायेगे। सिलक्यारा सुरंग में मैन्युअल ड्रिलिंग लगभग पूरी हो चुकी है। एनडीआरएफ की टीम सुरंग के मुहाने पर पहुंची है। वहीं, एक एंबुलेंस भी सुरंग के अंदर से निकली है। टीम ने अब मजदूरों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए वहां एंबुलेंस को भेज दिया है। यहां चार 108 एम्बुलेंस सिलक्यारा सुरंग के मुहाने पर पहुंची हैं। एसडीआरएफ के जवान सुरंग के अंदर ही श्रमिकों के मेडिकल चेकअप के लिए बेड लेकर जा रहे हैं। फोल्डिंग बेड के साथ तकिए और गद्दे भी पहुंचाए जा रहे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के नोडल अधिकारी सचिव डॉ. नीरज खैरवाल व एनएचआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद ने बताया कि मैन्युअल ड्रिलिंग करीब 56 मीटर तक कर ली गई है। जल्द ही मजदूरों को बाहर निकाल लिया जाएगा। माइक्रो टनलिंग विशेषज्ञ क्रिस कूपर ने कहा, सुरंग में अब दो से तीन मीटर ड्रिलिंग ही बची है। हम शाम पांच बजे तक कुछ परिणाम देखने की उम्मीद कर रहे हैं। श्रमिकों की सलामती के लिए सुरंग के पास लोग पूजा पाठ भी कर रहे हैं। बाबा बौखना के मंदिर के पास लोग हवन पूजा कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिस्क भी पूजा में शामिल हुए। रेस्क्यू टीम अब श्रमिकों से केवल तीन मीटर ही दूर है। कर्नल राहत एवं बचाव अभियान के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि मैन्युअल ड्रिलिंग 53.9 मीटर तक हो गई है। 57 मीटर पर ब्रेकथ्रू होने की उम्मीद है। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए छह सदस्यीय रैट माइनर्स की टीम भी पहुंची है। सोमवार शाम सात बजे से सेना की मदद से टीम ने हाथ से खोदाई शुरू कर दी। अब तक एक मीटर पाइप आगे बढ़ाया जा चुका है। ऑगर मशीन के फेल होने के बाद हाथ से खोदाई कराने का फैसला किया गया है। पहाड़ के ऊपर से भी खोदाई का काम चल रहा है। अब तक 36 मीटर से अधिक की खोदाई की जा चुकी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करने वाली सेना की इकाई सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के पूर्व मुख्य इंजीनियर और बचाव अभियान में जुटे लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) हरपाल सिंह ने बताया कि 36 मीटर तक वर्टिकल ड्रिलिंग कर ली गई है। गौरतलब है कि रैट माइनिंग आमतौर पर कोयला उत्खनन के लिए किया जाता है, खासकर ऐसी जगहों पर जहां मशीन जाने के लिए जगह नहीं होती। रैट माइनर्स टीम के सदस्य मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। उनमें से एक ने कहा, हम भी मजदूर हैं और सुरंग में फंसे लोग भी मजदूर हैं। वे हमारे भाई हैं और हम जल्द से जल्द उन्हें बाहर लाना चाहते हैं।

### धामी ने बौखनाग मंदिर में की पूजा

उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। उन्होंने टनल के प्रवेश द्वार पर स्थित बाबा बौखनाग के मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी श्रमिकों के सकुशल बाहर निकलने की प्रार्थना की। फंसे हुए 41 मजदूरों के परिजनों को तैयार रहने और मजदूरों के कपड़े और बैग तैयार रखने को कहा गया है। मजदूरों को रेस्क्यू कर बाहर निकालकर चिन्यालीसौड़ अस्पताल ले जाया जाएगा। सीएम धामी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा है कि बाबा बौख नाग जी की असीम कृपा, करोड़ों देशवासियों की प्रार्थना एवं रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे सभी बचाव दलों के अथक परिश्रम के फलस्वरूप श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए टनल में पाइप डालने का कार्य पूरा हो चुका है। शीघ्र ही सभी श्रमिक भाइयों को बाहर निकाल लिया जाएगा।



### अड़चन नहीं आई तो आज ही बाहर आएंगे 41 श्रमिक

#### पानी के रिसाव से सुरंग पर बनी महादेव की आकृति

उत्तरकाशी । उत्तरकाशी के सिलक्यारा में टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। कुछ ही घंटों में इंतजार खत्म हो सकता है। टनल के बिल्कुल पास एंबुलेंस तैनात कर दी गई हैं। सिलक्यारा में मजदूरों के बाहर निकलने का इतंजार जल्द ही खत्म हो सकता है। जल्द ही मजदूरों को बाहर निकाला जाएगा। इसकी तैयारियां भई शुरू कर दी गई हैं। सुरंग के ठीक बाहर एंबुलेंस तैनात कर दी गई हैं। एक एंबुलेंस को टनल के अंदर ले जाया गया है। मजदूरों के रेस्क्यू के लिए सिलक्यारा में सैकड़ों रेस्क्यू कर्मी तैनात किए गए हैं। सिलक्यारा और इसके आस-पास के इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही मजदूरों के परिजनों को उनके कपड़े और बैग तैयार रखने को कहा गया है। सीएम धामी खुद टनल में मौजूद हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं। सिल्क्यारा में निर्माणाधीन सुरंग में कैद 41 श्रमिक बाहर निकले के लिए रेस्क्यू का आज 17वां दिन है। आज सुबह तक सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग 40 मीटर तक हो गई है। वहीं सुरंग के अंदर मैन्युअल ड्रिलिंग भी पूरी कर ली गई है। कोई अड़चन नहीं आई तो रेस्क्यू ऑपरेशन आज पूरा हो सकता है। सुरंग के मुहाने पर सोमवार को पानी के रिसाव से एक आकृति बनी। स्थानीय लोगों ने इसे शिव की आकृति बताया। लोगों का कहना है कि सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों की रक्षा करने के लिए स्वयं शिव आ गए हैं, अब उन्हें कुछ नहीं होगा।

### तो टनल में ऐसा कोई भी मजदूर नहीं फंसा है!




देहरादून। सोशल मीडिया पर पिछले कई दिनो से सिर में सेफ्टी कैप पहने हुए एक बुजुर्ग व्यक्ति की तस्वीर को सुरंग हादसे में फंसे हुए 41 मजूदीरों की दयनीय स्थिति से जोड़कर खूब प्रसारित किया जा रहा है और तंज भी कसे जा रहे है कि जब हम चांद पर पहुंच सकते हैं तो कोई सुरंग में फसें मजदूर को क्यों नहीं निकाल पा रहे है। वहीं उत्तराखंड पुलिस ने मजदूर की फेक तस्वीर को पोस्ट करने पर मामले का संज्ञान ले लिया है और इस तस्वीर को फेक बताकर शैयर नहीं करने की अपील भी की है। उत्तराखंड पुलिस के अनुसार सिलक्यारा, उत्तरकाशी रेस्क्यू ऑपरेशन के सम्बन्ध में सोशल मीडिया पर एक भ्रामक व असत्य खबर प्रसारित की जा रही है। यह एक आधारहीन और झूठी खबर है। सिल्क्यारा टनल में ऐसा कोई भी मजदूर नहीं फंसा है। कृपया इसे शेयर करके दुष्प्रचार न करें। ऐसी भ्रामक खबरों को फैलाने वालों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# पीएमओ के अधिकारियों ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण

## प्रमुख सचिव डॉ.पी के मिश्रा ने फंसे श्रमिकों से की बात,रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे श्रमिकों और इंजीनियरों का हौसला बढ़ाया

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में सोमवार को देर शाम अस्थाई मीडिया सेंटर, सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग की गई। सचिव उत्तराखण्ड शासन डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि पाइप में फंसे ऑगर मशीन की ब्लेड एवं शाफ्ट को काटने व ऑगर मशीन के हेड को निकालने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। पूर्व में 1.9 मीटर पाइप काटा गया था। अब मैनुअली काम करते हुए पाइप को 0.9 मीटर आगे पुश भी किया गया है। अपर सचिव (सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) एवं एम.डी (एनएचआईडीसीएल) महमूद अहमद ने बताया कि वर्टिकल ड्रिलिंग का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 36 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग कर ली गई है। आगे का कार्य भी तीव्र गति से सावधानीपूर्वक किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ.पी के मिश्रा एवं सचिव गृह मंत्रालय, भारत सरकार श्री अजय भल्ला ने सोमवार को सिलक्यारा, उत्तरकाशी में टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राफिकल प्रस्तुतीकरण एवं मैपिंग के माध्यम से टनल की भौगोलिक स्थिति को जाना। प्रमुख सचिव डॉ.पी के मिश्रा ने टनल के अंदर चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे श्रमिकों, इंजीनियरों से जानकारी लेते हुए उनका हौसला बढ़ाया। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंदर फंसे श्रमिकों के साथ ही राहत बचाव कार्य में जुटे सभी लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के लिए भेजी जा रही भोजन सामग्री के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने टनल में एसडीआरएफ द्वारा स्थापित ऑडियो कम्युनिकेशन सेटअप एवं बीएसएनएल द्वारा स्थापित टेलिफोनिक कम्युनिकेशन सिस्टम के माध्यम से अंदर फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह एवं अन्य लोगों से वार्ता कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने वार्ता के दौरान श्रमिकों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने श्रमिकों से कहा की रेस्क्यू ऑपरेशन हेतु सभी लोग मेहनत कर रहे हैं। कई मोर्चों पर कार्य चल रहा है। सभी को जल्द से जल्द निकाले जाने की कोशिश जारी है। प्रमुख सचिव डॉ.पी के मिश्रा ने टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा श्रमिकों को जल्द ही बाहर निकाल लिया जाएगा। परिजनों के साथ ही पूरा देश उनके शीघ्र और सुरक्षित निकाले जाने की दुआ कर रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखण्ड सरकार के सलाहकार भास्कर खुल्बे, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय( भारत सरकार) के सचिव अनुराग जैन, एमडी एनएचआईडी सीएल महमूद अहमद, सचिव डॉ. नीरज खैरवाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही पीएमओ उप सचिव मंगेश घिल्डियाल, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।







रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# व्यापारियों ने किया खिचड़ी प्रसाद वितरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज श्याम टाकीज रोड़ के अनेक व्यापारियों ने राहगीरों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान सभी व्यापारियों ने उत्तरकाशी के सिलक्यारा स्थित सुंरग में पिछले 14 दिन से फंसे श्रमिकों की सकुशल बाहर आने की भगवान से प्रार्थना कीं। प्रसाद वितरित करने वालों में अशोक कालड़ा, परमपाल पाल सुखीजा, राकेश कालड़ा, उत्तम राय, रौनक बेदी, मनीष मिगलानी, बरीत कोचर, तुषार कोचर, राजू मलिक, आतमजीत सिंह गाबा, रवि अनेजा, अनिल मलिक, मनीष कुमार पाहवा आदि शामिल थे।



# लीजेंट लीग में सट्टेबाजी कर रहे युवकों को किया गिरफ्तार

देहरादून। रायपुर राजीव गाँधी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात जायंटस और अर्बनस हैदराबाद की टीम बीच खेले गए क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए पुलिस ने 13 आरोपियों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ऑनलाइन सट्टे में इस्तेमाल किए जा रहे 17 मोबाइल फोन और नगदी बरामद हुई है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विभिन्न बैंको के 20 खातों में जमा की गई छह लाख रूपये की धनराशि को फ्रीज कराया गया है। बता दें कि क्रिकेट वर्ड कप और लीजेंट लीग के सभी मैच में आरोपी पंहुचे थे। देहरादून के साथ ही विभिन्न राज्यों के क्रिकेट स्टेडियम में आरोपी पहुंचे थे।



# आठ दिसंबर को पीएम मोदी करेंगे निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन

देहरादून( उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ दिसंबर को वैश्विक निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करने देहरादून आएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनसे अनुरोध किया था। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रदेश सरकार को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने की सूचना मिल गई है। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस विभाग प्रधानमंत्री के दौरे से संबंधित सुरक्षा तैयारियों में भी जुट गया है। सूत्रों के मुताबिक, जल्द तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री धामी के स्तर पर बैठकें बुलाई जा सकती हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# संगत का आभार प्रकट किया

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट रुद्रपुर में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित निकाली गई प्रभात फेरियों के समापन व प्रकाश पर्व पर स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परम जीत कौर पम्मी ने सारी संगत का आभार प्रकट किया व कहा कि श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर भी प्रभात फेरियां निकाली जायेंगी व सारी संगत उस में भी बढ़ चढ़ कर सहयोग कर गुरु घर की खुशिया प्राप्त करें ।

# पुलिस ने दबोचा शराब तस्कर

गूलरभोज( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत चौकी प्रभारी गूलरभोज के नेतृत्व में चन्दायन पुल रोड पर जगदीश सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी ग्राम ढौरा डाम नजीबाबाद थाना किच्छा को एक सफेद प्लास्टिक के कट्टे में 38 पाउच लगभग 14 लीटर अवैध कच्ची शराब खाम नाजायज के साथ गिरफ्तार कर थाना गदरपुर में अंतर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कराया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राकेश कठायत, कानि0 लक्ष्मण कुमार, रघुवर सिंह आदि शामिल थे।



# दिन में भी सपने देखने लगे हैं गदरपुर के भाजपाई: शाकिर

गदरपुर( उद संवाददाता)। कांग्रेसी नेता शाकिर अली ने गदरपुर के एक भाजपा नेता के बयान पर पलटवार करते हुए बताया कि सत्ता में होने के बावजूद भी जिनके काम धरना देने से होते हैं वह कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देख रहे हैं जो कभी भी पूरा नहीं होगा यहां के भाजपाइयों में श्रेय लेने की होड़ है। एक ही काम को भाजपा के कार्यकर्ता अपने-अपने नेतृत्व में करने को लेकर अलग-अलग बयान बाजी देते रहते हैं इनके विकास की पोल खोलता जर्जर मटकोटा मार्ग है ना जाने कितनी ही जिंदगियां वहां पर समाप्त हो गई है सड़क बनाने को लेकर आम लोगो के धरने प्रर्दशन के बाद भी भाजपा सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही है सिर्फ सोशल मीडिया तक ही विकास सिमट कर रह गया है आखिर क्यों भाजपायों को उसे रोड की हालत पर दया नहीं आ रही क्या उसे रोड के लिए फिर भाजपाइयों को भी धरना देना पड़ेगा यह है भाजपा की हकीकत।



# हल्द्वानी के समाजसेवी दिल्ली में सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर के अनेक समाजसेवियों को दिल्ली में एक संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। राजधानी दिल्ली में कलश कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड द्वारा डीडीयू महाविद्यालय सभागार द्वारका नई दिल्ली में हल्द्वानी के समाजसेवी हेमंत गोनिया, इंजीनियर दिनेश सिंह, दिनेश जोशी, चारु तिवारी और स्वर्गीय गिरीश जोशी गिर्दा के परिजनों को मोमेंटो बुके देकर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि कलश संस्था द्वारा हर वर्ष समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले देश चुनिंदा लोगों को सम्मानित किया जाता है। कलश संस्था अध्यक्ष केएन, घ्पांडे सुरेश पांडे महासचिव ने सभी लोगों को सम्मानित किया। समाजसेवियों के सम्मानित होने पर योगेश राजोर, नन्हे कश्यप, अजय गुप्ता, मनोज अग्रवाल, मनीष पाल, अनिल गुप्ता, विजय गुप्ता ने बधाई देकर उनके कार्यों की प्रशंसा की।



# शराब के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं कार्रवाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम अमरपुरी बगिया से अभियुक्त राम जनम पुत्र टेका प्रसाद निवासी ग्राम अमरपुरी बगिया थाना गदरपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में थाना गदरपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल ललित प्रसाद, एचजी दीपक शर्मा शामिल थे।



# लियो क्लब कार्यकारणी का हुआ पुर्नगठन,प्रीति राणा अध्यक्ष बनी

खटीमा( उद संवाददाता)। लियो क्लब खटीमा सेवा की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से क्लब कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया।लियो प्रीति राणा अध्यक्ष और लियो सुरभि रोहिला सचिव चुनी गई जबकि लियो दीपक सिंह बिष्ट को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी। नई कार्यकरिणी ने समाज सेवा में क्लब द्वारा भविष्य में किये जाने वाले सेवा कार्यों को पटल पर रखा और कहा कि कम भाग्यशाली लोगों की सेवा करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।क्लब एडवाइजर लायन जितेंद्र पारूथी ने कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए उनसे समाज और देश हित में सेवा कार्य करने की बात कही। यहां लायन इन्दर नाथ गोस्वामी,लायन हरबिंदर कौर,लायन दलबीर सोहल,लियो ईशु अग्रवाल,लियो तुषार सेतिया,लियो सादगी भटनागर,लियो पल्लव अग्रवाल, लियो रिया बिष्ट,लियो सूरज अरोरा आदि रहे।

# कार्तिक मास के समापन पर 21 कुण्डीय यज्ञ संपन्न

गदरपुर( उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास स्नान की संपूर्णता पर 21 कुण्डीय यज्ञ का सफल आयोजन किया गया,पंडित विजय कुमार शास्त्री जी द्वारा समस्त भक्त परिवारों को आशीर्वाद देकर मंगल कामना की गयी, एवं देश एवं सनातन धर्म के उत्थान की कामना की गयी, यज्ञ की संपूर्णता पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।



# राशिद के अपर निजी सचिव बनने से खुशी की लहर

गदरपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अपर निजी सचिव



(एपीएस) सचिवालय उत्तराखंड शासन मे नियुक्त करते हुए राशिद अली को सूची मे टॉप घोषित किया है। ये परिणाम उच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश और मंत्रीमंडल की संस्तुति पर लोक सेवा आयोग ने घोषित किया। ज्ञात हो कि राशिद सहित 3 अन्य अभ्यर्थी को पहले अर्हता से बाहर कर दिया था जिन्होंने माननीय उच्च न्यायालय की शरण ली थी। इस परीक्षा मे कंप्यूटर की डिग्री मांगी थी जबकि ये अभ्यर्थी कंप्यूटर से स्नातक तक थे। परिणाम 2021मे जिसने टॉप किया था उससे अधिक राशिद के नंबर होने पर राशिद को टॉप घोषित करके परिणाम घोषित कर दिया। राशिद के एपीएस की परीक्षा टॉप करने पर उनके परिवार के साथ साथ गदरपुर क्षेत्र मे खुशी का माहौल है। गदरपुर निवासी आले पहलवान के सात बेटे हैं । राशिद अली ने एक से आठ तक की पढ़ाई अपने घर के पास नवयुग विद्या मंदिर स्कूल में की। इसके बाद वह राजकीय इंटर कॉलेज में इंटर तक की पढ़ाई गदरपुर में करने के बाद उन्होंने सरस्वती से बीसीए किया। इसके पश्चात वह अपने सपने को सच करने के लिए देहरादून में जाकर कोचिंग करने लगे और आज उनका सपना सच हो गया। उनके चाचा शिब्ते नबी ने फास्ट न्यूज से वार्ता करते हुए कहा कि भतीजे राशिद अली की इस कामयाबी से वह गर्व महसूस कर रहे हैं। हमने हमेशा बच्चों को परिश्रम, लगन व ईमानदारी की प्रेरणा दी है। अन्य बच्चे भी इसी तरह आगे बढ़े और देश को आगे ले जाएं। सुबह से ही उनके घर बधाई देने वालों का आना-जाना लगा हुआ है।

# डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने मचाई धूम

खटीमा( उद संवाददाता)। रोनित डांस अकादमी द्वारा 26 नवंबर दिन रविवार को होटल शगुन खटीमा में भांगड़ा नाइट एवं डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष सरदार राजपाल एवं सुरेंद्र कौर हैप्पी ने शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन अमन अग्रवाल मारवाड़ी एवं राकेश कुमार द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका संजू सक्सेना, मोनिका चंद, शिवानी वर्मा, द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा,ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका देती है ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। डांस प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम हिमांशी रावत,द्वितीय सारा भंडारी,तृतीय राशि चंद, सीनियर वर्ग में प्रथम यश,द्वितीय अंतर चंद, तृतीय विजय कुमार रहे। इस असर पर मैनेजिंग डायरेक्टर, श्रीमती स्वाति, कोरियोग्राफर रोनित कुमार, डॉ आर सी रस्तोगी, अचल शर्मा, डॉ विवेक अग्रवाल, सुनील रैदानी, रवीश भटनागर, उमेश राठौर बॉबी, गौरव अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नवीन भट्ट, प्रवीण कंछल, राशिद रशीद अंसारी, नवीन बोरा, राजकुमार गुंबर, रमेश चंद्र जोशी, मनोज गुलाटी सोनू, दयाशंकर , डॉ लता जोशी, ऊषा सक्सैना, डॉक्टरशिप्रा अग्रवाल, पुष्पा धपोला आदि मौजूद थे।



# गुरमत समागम में संगत को किया निहाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।साहिब श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में कीर्तन दरबार एवं गुरमत समागम का आयोजन किया गया। प्रात: 6 बजे मुख्य ग्रंथी भाई अमरीक सिंघ ने समूह संगत द्वारा रखे गए अखंड पाठ साहिब की सम्पूर्णता करी।जिसके बाद रामलीला ग्राउंड में गुरु ग्रंथ साहिब जी की अरदास कर प्रकाश करके गुरमत समागम का आरंभ किया। सबसे पहले हजूरी रागी भाई परमजीत सिंघ एवं साथियो ने कीर्तन की शुरुआत उपरन्त शहर के अलग-अलग गुरुद्वारों के रागी जत्थों, श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल एवं खालसा स्कूल के छात्रों ने गुरुबानी का गायन किया। हेड ग्रंथि ठाकुर सिंघ, गुरद्वारा गुरुनानकपुरा ने कथा विचार की। उपरन्त सिक्ख मिशनरी कालेज, लुधियाना के पुंछ,जम्मू सर्कल से आए प्रचारक वीर मनमोहन सिंघ ने गुरु साहिब के जीवन से जुड़े वर्तान्त बताए और कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपना सारा जीवन मानवता की भलाई और परोपकार के साथ समाज को सामाजिक कुरितियाँ एवं भ्रामक कर्मकांडों से बाहर निकालने में लगाया। गुरु जी ने हमेशा जात पात, धर्म एवं ऊँच -नीच के दिखावटी बंधन को तोड़ कर एक ईश्वर की उपासना करने का संदेश दिया एवं सरबत के भले का सन्देश दिया। गुरु साहिब ने लंगर प्रथा का आरम्भ कर बराबरी का संदेश दिया जो आज तक कायम है। जिसमें राजा और रंक एक ही पंक्ति में बैठ कर लंगर ग्रहण करते हैं। गुरु साहिब की शिक्षाओं के चलते सिख पंथ हमेशा ही मानवता के भले के लिए तत्पर रहता है। चाहे वह विश्व के किसी भी कोने में दैविय आपदा हो या अन्य कोई समस्या। हर सिख उस प्रभु के आगे दोनों वक्त सुबह शाम अरदास में ये बोल बोलता है नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाड़े सरबत दा भला।उसके बाद चंडीगढ़ से आए भाई हरप्रीत सिंघ एवं साथियों ने कल तारण गुरु नानक आया मारया सिक्का जगत विच,नानक निर्मल पंथ चलाया एवं सतगुरु की सेवा सफल है जे को करे चित लाए आदि शबदों का गायन कर संगत को निहाल कर दिया। पंडाल में सिख मिशनरी कालेज, हल्द्वानी सर्कल द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन एवं गुरुबाणी से सम्बंधित विषयों की प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का स्टाल लगाया गया था। सभी संगत ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उत्तराखंड के उत्तरकाशी के सिलकरिया में सुरंग में फंसे 41 मजदूरों की सलामती की भी अरदास करी गयी। गुरु का लंगर चलता रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर छका।सिख सेवक जत्थे की तरफ से पानी एवं लस्सी का स्टाल,अकाल पुरख की फौज की तरफ से सूजी के हलुआ का स्टाल, निडर खालसा जत्थे की तरह से बालूशाही का स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम का संचालन जनरल सेकेट्री जगजीत सिंघ ने किया।जगजीत सिंघ ने जहाँ गुरु के लंगर के लिए दिए गए सहयोग के लिए समूह संगत, परिवारो का धन्यवाद करा वही रामलीला कमेटी, नगर प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं समूह सेवादारों का धन्वाद किया। मुख्य सेवादार रंजीत सिंघ ने गुरु साहिब के दर्शन करने आयी संगत का व बधाई देने जो गणमान्य आये उन सभी का ,सहयोगी संस्थाओं एवं सेवादारों का एवं समूह साध संगत इलाका निवासियों का आभार प्रकट किया।अंत में अमरीक सिंघ ने अरदास करके कार्यक्रम का समापन जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल जयघोष के साथ किया। उपरन्त गुरु महाराज का पावन स्वरूप सुखासन करके समूह संगत व श्री सुखमनी सोसाइटी के मेम्बरों की तरफ से पुष्प वर्षा करते हुऐ गुरद्वारा साहिब निज स्थान में ले जाया गया। कार्यक्रम में रंजीत सिंघ आनंद,अमरजीत सिंघ सेठी, अमर जीत सिंघ बिंद्रा, अमरीक सिंघ आनंद, नरेंद्रजीत सिंघ रोडू, अमनपाल सिंघ, सोहन सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, तजिंदर सिंघ, बलविंदर सिंघ आनंद, जसवंत सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, अमन पाल सिंघ, जगमोहन सिंघ, मनप्रीत सिंघ, प्रिंस कोहली, जसपाल कोहली, परम जीत सिंघ शंटी,बबली वीरजी, बबलू कुकरेजा, सतपाल सिंघ, बलबीर सिंघ मारवाह, दिवान चंद,हरविंदर सिंघ, परमजीत सिंघ, कवलजीत सिंघ,सनु नरूला अमरजीत सिंघ साहनी, प्रभजोत सिंघ, हरप्रीत सिंघ, सुरजीत सिंघ आदि ने सहयोग किया।







## गांव कीरतपुर में शक्ति केंद्र बगवाला के बूथ पर सुनी मोदी की मन की बात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के उददेश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव कीरतपुर स्थित एक कार्यकर्ता के घर पर मन की बात कार्यक्रम के दौरान संदेश दिया। जिसकी जिम्मेदारी भाजपा नेता भारत भूषण चुघ को दी गई थी। रविवार को शक्ति केंद्र बगवाला बूथ नंबर 141 कीरतपुर गांव में प्रदेश सह संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा नेता चुघ के साथ कार्यकर्ता अधिवक्ता एसएन वर्मा के आवास पर इकठ्ठा हुए जहां पीएम मोदी ने टीवी स्क्रीन पर आकर मन की बात कार्यक्रम में अपना संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपना संदेश देते हुए बताया कि भविष्य में जल का संकट गहरा सकता है। ऐसे में सरकार ने जल संरक्षण-जल संवर्धन अभियान शुरू किया है। इसके अलावा पीएम ने उदाहरण देते हुए बताया कि समाजसेवा की कोई आयु और परिधि नहीं होती है, क्योकि देश का एक व्यक्ति ऐसा है जो पिछले 25 सालों से पुराने कपड़ों को खुद इकठ्ठा करता है और गरीबों को वितरित कर अपनी सेवा दे रहा है। वहीं मन की बात कार्यक्रम को सुनकर एक आदिवासी महिला ने खुद कैले के पत्तों के बैग बनाकर खुद को इतना सफल कर दिया है कि वर्तमान में आदिवासी महिला लोगों को रोजगार देकर आत्मविश्वास पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का उददेश्य भी यही है कि कार्यकर्ताओं को मनोबल बढ़ाकर लोगों को स्वरोजगार के प्रति सजग बनाना। इस दौरान भारत भूषण चुघ ने बताया कि पीएम मोदी की मन की बात आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। यहीं वजह है कि देश के प्रधानमंत्री बार बार मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करते है और देशवासियों से आमने सामने वार्ता कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में अपना संदेश देते है। उन्होंने आहवान किया कि मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक नागरिक को सुनना चाहिए। ताकि पीएम मोदी का संदेश सार्थक सिद्व हो सके। इस मौके पर प्रधान निर्मला सिंह, अजय सिंह, विजय कुमार शर्मा, सुरेंद्र छाबड़ा, गौरव वर्मा, आशीष कुमार, जगदीश शर्मा, शालू वर्मा, गगन चौधरी, दीपक कुमार, राज कोली आदि मौजूद रहे।



## डॉ. मणिन्द्र मोहन को मुख्यमंत्री ने शिक्षा उत्कृष्टता सम्मान से किया सम्मानित

पंतनगर(उद संवाददाता)। विज्ञान शिक्षा, शोध एवं संचार में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए देवभूमि फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी के वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन को देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता सम्मान से पुरस्कृत किया। यह सम्मान पिछले एक साल के कार्यों, जागरूकता गतिविधियों एवं उपलब्धियों के मूल्यांकन के आधार पर दिया गया। छात्र-छात्राओं व युवा शोधार्थियों में विज्ञान शिक्षा व शोध में अभिरुचि के लिए प्रेरित करने तथा उनके पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए एम.आई.ई.टी. कुमाऊं परिसर हल्द्वानी में यह पुरस्कार डॉ. मणिन्द्र मोहन को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिया। पुरस्कार में ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र दिया गया। बतौर वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक विभाग) हल्दी, पंतनगर में डॉ. संजय कुमार के निर्देशन में कार्यरत हैं। डॉ. मणिन्द्र मोहन विज्ञान जागरूकता, नवाचार, विज्ञान संगोष्ठी, प्रशिक्षण, कार्यशाला, विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दिवसों के अवसर पर विविध गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से छात्रों व युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर उनको विज्ञान शिक्षा, शोध एवं उद्यमिता विकास से जोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं और जल साक्षरता, गुणवत्ता, संरक्षण एवं पर्यावरणीय कार्यों सहित विज्ञान संचारक के रूप में काफी सक्रिय हैं। इस उपलब्धि पर परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी। डॉ. मणिन्द्र ने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, परिवार, निदेशक यूसीबी एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन व आशीर्वाद को दिया। यहां कुमाऊं विवि के कुलपति प्रोफेसर डीएस रावत, डॉ. कमल पांडे, डॉ. बीएस बिष्ट, डॉ. तरुण सक्सेना, हल्द्वानी मेयर डॉ. जोगिंदर रौतेला सहित प्रदेश भर से आये 65 चयनित वैज्ञानिक व शिक्षक उपस्थित रहे। वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन इससे पूर्व कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं, जिसमें एशियन एक्सीलेंस अवार्ड, ग्लोबल ग्रीन अवार्ड, युवा प्रेरक सम्मान, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, राष्ट्रीय पर्यावरण जागरूकता सम्मान, नेशनल इंस्पिरेशन अवार्ड और दो बार युवा वैज्ञानिक पुरस्कार मुख्य हैं। हाल में दो दिन पूर्व रेडिसन होटल रुद्रपुर में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय समारोह में डॉ. मणिन्द्र मोहन को आशियन वर्ल्ड रिकाड्र्स से सम्मानित किया गया।



## मानसखंड मिशन से बदलेगी कुमाऊं की तस्वीर:धामी

### चारधाम यात्रा में इस वर्ष करीब 56 लाख से अधिक श्रद्धालओं ने दर्शन किए

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हल्द्वानी में मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जनता के हित में चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चारधाम से उत्तराखंड पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बना चुका है। वहीं गढ़वाल में केदारखंड के बाद अब कुमाऊं में मानसखंड बनने से कुमाऊं की तस्वीर बदलेगी। कुमाऊं को संवारने,समृद्ध और आध्यत्मिक बनाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत रोड मैप तैयार किया है। जिसमें कुमाऊं के करीब 26 मंदिरों को जोड़ते हुए धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसिक किया जा रहा है। जिससे धार्मिकता के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं स्थानीय लोगों के बेहतर रोजगार, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कुमाऊं की संस्कृति, सभ्यता को जान सकेंगे। मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना के तहत राष्ट्रीय मार्ग-मुख्य मार्ग की सड़कों का और भी बेहतर सुधार होगा। साथ ही कुछ मानसखंडों को हेली सुविधा से भी जोड़ा जाएगा। ये सभी मानसखंडों को चार धाम की तर्ज पर विकसित किया जाएंगे। इन मानसखंडों के आस पास स्वास्थ्य सुविधा आदि की व्यवस्था की जाएगी। जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारों धाम में इस वर्ष करीब 56 लाख से अधिक श्रद्धालओं ने दर्शन किए, जो राज्य ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ समय पूर्व पिथौरागढ़ दौरे पर आए थे और 18000 से अधिक फिट की ऊंचाई पर पहुंचने वाले वह पहले प्रधानमंत्री हैं। यहां आदि कैलाश, चीन सीमा पर बसे गुंजी गांव भी पहुंचे। प्रधानमंत्री के दौरे बाद पूरे विश्व में कुमाऊं पूरी तरह अपनी पहचान बना चुका है। इसके बाद सिने स्टार, खिलाड़ियों द्वारा भी सोशल मीडिया पर कुमाऊं के पर्यटक स्थल, मंदिरों आदि के बारे में अपने विचार व्यक्त करते नजर आए। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दौरे के बाद विश्व पटल पर छाए आदि कैलाश, जागेश्वर धाम सहित कुमाऊं के अन्य पर्यटक स्थल में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। श्री धामी ने कहा कि पर्यटन व तीर्थाटन को बढ़ावा मिले इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है साथ ही देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के सुगम आवागमन की व्यवस्था के लिए हर बेहतर विकल्प के प्रयास किया जा रहे हैं विश्व प्रसिद्ध सरोवर नैनीताल को रोप वे से जोड़ने के लिए शुरूआती कार्य शुरू हो चुका है। सरकार कुमाऊं की लोक कला लोक संस्कृति और हथकरघा स्वरोजगार को सांस्कृतिक विरासत के रूप में विस्तार करने पर निरंतर प्रयास कर रही है आने वाले वर्षों में धार्मिक पर्यटन और तीर्थाटन से हमारी संस्कृति को और बल मिलेगा।



## चंपावत के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँची विकसित भारत संकल्प यात्रा

चम्पावत(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार के सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सोमवार को जनपद चंपावत के लोहाघाट, टनकपुर,लोहाघाट आदि विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँच कर केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही हैं। इसी के क्रम में यात्रा वाहन ग्राम पंचायत ऐड़ीगुरौली, देवपुरा,निडिल,लुपरा,लोहाघाट, झुरेली,गुडमी,रोलमेल,पंचपकरिया,चौड़ाराय आदि विभिन्न ग्राम सभाओं, मुहल्लों



व वार्डों तक पहुँचा। उक्त यात्रा के दौरान अधिकारी घर-घर तक जा कर जनसामान्य की समस्याओं से अवगत होने के साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर रहे हैं। इसके अलावा यात्रा के दौरान प्राप्त विवरण के आधार पर लाभार्थियों का चयन तथा आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षाआयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्ध सम्मान पेंशन आदि बुनियादी सुविधाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा हैं।

# अजय भट्ट की बेटी के विवाह समारोह में पहुंचे वीआईपी मेहमान

## हल्द्वानी में महिला संगीत और रूद्रपुर में आयोजित हुआ विवाह समारोह, 25 हजार से अधिक लोग बने साक्षी





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट की पुत्री के विवाह समारोह में पूरे संसदीय क्षेत्र से जहां हजारों लोगों ने पहुंचकर आशीर्वाद दिया वहीं केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कई वीवीआईपी मेहमानों ने भी पहुंचकर अपना आशीर्वाद दिया। केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट की पुत्री सुनीति का विवाह हल्द्वानी के ग्राम फुटकुआ निवासी मीरा जोशी एवं सुरेश चन्द्र जोशी के सुपुत्र मयंक के साथ तय हुआ था। पिछले करीब एक माह से इस विवाह समारोह की तैयारी शुरू हो गयी थी। विवाह समारोह के तहत महिला संगीत और प्रीतिभोज का कार्यक्रम रविवार को प्रोग्रेसिव स्कूल लामाचौड़ हल्द्वानी के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यकम के लिए पूरे लोकसभा क्षेत्र से 25 हजार से अधिक लोगों को आमंत्रित किया गया था। विवाह समारोह में केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम वीआईपी मेहमानों ने पहुंचकर अजय भट्ट की पुत्री को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में पूरे लोकसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोगों ने पहुंचकर सुनीति को अपना आर्शीवाद दिया।




विवाह समारोह का आयोजन अगले दिन रूद्रपुर के आर्क होटल में किया गया। यहां भी पांच हजार से अधिक लोग विवाह के साक्षी बने। यहां भव्य समारोह में कुमांऊनी रीति रिवाज के साथ मयंक और सुनीति परिणय बंधन में बंध गये। विवाह की सभी रस्में कुमांऊनी रीति रिवाज के साथ पूरी की गयी। विवाह समारोह तमाम वीआईपी मेहमानों ने वर वधू को आशीर्वाद देकर सुखमय दामपत्य जीवन की कामना की। इस दौरान अजय भट्ट और उनकी पत्नी पुष्पा भट्ट सहित परिवार के सदस्य राम दत्त भट्ट, अलका भट्ट, गिरीश भट्ट, रजनी भट्ट, निर्मल भट्ट, युगल किशोर भट्ट, हेम चन्द्र भट्ट, दिग्विजय भट्ट, मेधा डिमरी, सौरभ डिमरी आदि ने बारात में पहुंचे अतिथियों एवं बारातियों का स्वागत सत्कार किया। वैवाहिक कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़े हजारों लोगों और संत समाज से पीठाधीश्वर,साधु संतों ने पहुंचकर वर वधु को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रशासनिक और पुलिस महकमे से जुड़े सैकड़ो आईएएस, पीसीएस एवं आईपीएस अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। हल्द्वानी और रुद्रपुर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचने वालों में मुख्य रूप से भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश,केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह,केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी,पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डाल चन्द्र, हंस फाउंडेशन से मंगला माता जी,नरेश बंसल,विधायक मदन कौशिक, मुन्ना सिंह चौहान, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, काबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक बंशीधर भगत, विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, एसएपी मंजूनाथ टीसी, एमएनए नरेश चन्द्र दुर्गापाल, मेयर रामपाल, काशीपुर की मेयर उषा चौधरी, मेयर अनीता ममगई, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,पूर्व विधायक सुरेश राठौर, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक प्रेमसिंह राणा, वरिष्ठ समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा, हरजिंदर सिंह हरजी,हरीश मुंजाल, स्वामी शिवानंद जी महाराज, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा,हेमंत द्विवेदी, सह प्रांत प्रचारक नरेन्द्र कुमार,वेद ठुकराल, विनय बत्रा, संजय ठुकराल, दिवाकर पांडे, भारत भूषण चुघ, प्रमोद गोल्डी, विपिन जल्होत्रा, घनश्याम श्याम पुरिया,राजीव चौधरी, अनिल चौहान, राकेश सिंह, सुनील ठुकराल, राजन राठौर आदि सहित बड़ी संख्या में वीआईपी मेहमान मौजूद रहे। कार्यक्रम में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, रानीखेत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, दिल्ली से मेहमान पहुंचे थे। हल्द्वानी एवं रुद्रपुर स्थित आर्क होटल में वैवाहिक कार्यक्रम के डेकोरेशन की व्यवस्था विदिंग आर्ट, रुद्रपुरव केटरर्स की व्यवस्था अन्नपूर्णा कैटरर्स द्वारा की गई थी।



## सादगी से जीता मेहमानों का दिल

रूद्रपुर। सरल और सहज स्वभाव के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले केन्द्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट अपनी पुत्री के विवाह समारोह के दौरान पूरी सादगी और शालीनता के साथ मेहमानों से मिले। उन्होंने वीआईपी मेहमानों के साथ साथ अपने रिश्तेदारों एवं अन्य मेहमानों के साथ भी पूरी आत्मीयता के साथ स्वागत किया और विवाह समारोह में पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया। केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने अपनी पुत्री के विवाह समारोह में पूरे लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के नेताओं के साथ साथ तमाम वीआईपी मेहमानों को भी आमंत्रित किया था। अजय भट्ट की साफ सुथरी छवि और उनके सरल व्यवहार के चलते ही उनके आमंत्रण पर रूद्रपुर और हल्द्वानी दोनों कार्यक्रमों में करीब 25 हजार से अधिक लोगों ने पहुंचकर विवाह समारोह की शोभा बढ़ाई। इतनी भारी भीड़ के लिए पार्किंग से लेकर भोजन आदि की सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहीं। दोनों जगह कार्यक्रम पूरी तरह से व्यवस्थित नजर आया। केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट दोनों ही जगह मेहमानों के साथ साथ व्यवस्थाओं पर भी नजर बनाए हुए थे। वह हर मेहमान का आभार व्यक्त करने के साथ साथ भोजन के लिए भी पूछते नजर आये। उनकी इस सादगी की हर कोई सराहना करता नजर आया।









## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### अराजकता पर नियंत्रण

मणिपुर में अमन के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण रास्ता वहां हिंसा में शामिल समूहों को बातचीत की मेज पर लाना है। सरकार कहती तो रही है कि हिंसा फैलाने वाले समूहों से बातचीत कर समस्या का हल निकालने की कोशिश की जाएगी, मगर अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। हालत यह है कि मई महीने में शुरू हुई हिंसा आज भी जारी है और समस्या का कोई सर्वमान्य हल नहीं निकाला जा सका है। हालांकि इस बीच प्रशासनिक सख्ती और सेना के इस्तेमाल से अराजकता पर नियंत्रण की कोशिश की गई, मगर उसमें भी कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली। अब राज्य के मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार इंफल घाटी के एक उग्रवादी समूह के साथ वार्ता कर रही है और जल्द ही शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। हालांकि जिस समूह से बातचीत के बारे में कहा गया है, फिलहाल उसका नाम नहीं बताया गया है। सवाल है कि अगर सरकार इस ओर कदम बढ़ाती दिख रही है तो क्या किसी एक उग्रवादी समूह से बातचीत के जरिए समस्या का हल निकाला जा सकेगा। गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के प्रस्ताव से उठे विवाद के बाद जिस स्तर का विरोध शुरू हुआ था, उसने समूचे राज्य में व्यापक जातीय हिंसा की शक्ल ले ली। मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जानलेवा टकराव के दौरान अब तक लगभग दो सौ लोगों की जान जा चुकी है। इसमें सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यही थी कि मैतेई समुदाय को अगर अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने को लेकर कोई विवाद है, तो वह उसे पक्ष-विपक्ष के संबंधित समुदायों के बीच संवाद के जरिए सुलझाए। मगर ऐसा लगता है कि इस मसले पर उठे टकराव के प्रति धुंध और उसके बाद उपजी अराजकता को लेकर उदासीनता बरती गई। नतीजतन, पिछले करीब सात महीने से मणिपुर में हिंसा जारी है और आज भी कुकी समुदाय के लोगों को निशाना बना कर हत्या की जाती है। जिस मसले का हल बातचीत से निकाला जा सकता था, उसके जटिल होने से नाहक हुई हिंसा में बहुत सारे लोग मारे गए, भारी पैमाने पर संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। अब अगर सरकार ने शांति कायम करने के लिए वार्ता का संकेत दिया है तो उसमें सिर्फ एक उग्रवादी समूह से बातचीत का हासिल क्या होगा? यह छिपा नहीं है कि राज्य में मौजूदा हिंसक और अराजक हालात में कई गुट शामिल हैं और सबकी अपनी-अपनी राय होगी। अगर उन प्रभावी गुटों को बातचीत में शामिल नहीं किया जाएगा, तो किसी एक समूह से वार्ता और शांति समझौता कितना स्थायी और दूरगामी हो सकता है? इससे पहले सुप्रीम कोर्ट और केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से निगरानी और शांति समितियों के जरिए स्थिति को संभालने की कोशिश की गई, मगर उनका ठोस हासिल नहीं रहा। इसके अलावा, एक ओर सरकार ने हिंसा पर काबू पाने की अप्रभावी कोशिशों के समांतर सभी पक्षों को एक मेज पर लाने के प्रति या तो उदासीनता दर्शायी या फिर नाकाम रही। अगर सरकार इनके बीच किसी एक उग्रवादी समूह से संवाद की बात कह रही है, तो इसके प्रति बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि हिंसा में शामिल ज्यादातर समूह अब तक बातचीत के जरिए समस्या के समाधान संबंधी प्रयासों में शामिल नहीं हो सके हैं। इसलिए सरकार और एक उग्रवादी समूह के बीच बातचीत की कामयाबी इस पर निर्भर करेगी कि दूसरे गुट इस पर क्या रुख अपनाते हैं।

# अंधविश्वास : चुड़ैल और जिन्न के चक्कर में हुई दो बेटियों की हत्या

रूद्रपुर/काशीपुर। दो दिन पूर्व दिन तंत्र-मंत्र के चक्कर में अपनी दो बेटियों को मार डालने के मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने काशीपुर कोतवाली में बताया कि यह घटना अंधविश्वास और निरक्षरता के कारण हुई है। राजमिस्त्री का काम करने वाला खालिक कॉलोनी निवासी अलीहसन तंत्र-मंत्र में ज्यादा विश्वास रखता है इसलिए उसे लग रहा था कि दोनों बेटियों पर ऊपरी हवा का साया है। उसके लगता था कि उसकी बेटियों के अंदर चुड़ैल तथा जिन्न छिपे हैं। उन्हें निकालने के फेर में ही उसने दोनों बेटियों को अमानवीय यातनाएं दीं। उन्हें भूखा प्यासा रखा, जिस कारण उनकी जान चली गई । पुलिस अली हसन को मंगलवार को कोर्ट में पेश करेगी। उन्होंने बताया कि अली हसन के छोटे बेटे को दो दिन से बुखार था। इस बुखार को भी उसने ऊपरी हवा के साए का कारण माना और ऊपरी हवा को निकालने के चक्कर में उसकी आंख फोड़ दी। कहा कि दो-तीन दिन और घटना का खुलासा न होता तो यह भी हो सकता था कि उसके छोटे बेटे की भी जान चली जाती। एसएसपी ने बताया कि परिवार और आसपास का कोई व्यक्ति केस दर्ज करने नहीं आया तो पुलिस ने खुद ही रिपोर्ट दर्ज कर ली। परिवार के सभी सदस्यों को हल्द्वानी स्थित एसटीएच में भर्ती कराकर उनका मानसिक इलाज और काउंसलिंग कराई जा रही है। एसएसपी ने बताया कि जब तक परिवार के सदस्य पूरी तरह ठीक नहीं हो जाते, अली हसन की पत्नी हुसैन जहां, बेटा फरमान, रिजवान, अरमान और बेटी साइना को चिकित्सकों की देखरेख में ही रखा जाएगा। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि किस-किस तरह से अली हसन ने बेटियों को यातनाएं दीं लेकिन उनकी ही मौजूदगी में पत्रकारों के सामने अली हसन इस बात से मुकरता रहा कि उसने कोई



यातना नहीं दी। उसका कहना था कि उसकी दोनों बेटियां चुडैल और जिन्न के असर के चलते परेशान थीं और चुड़ैल और जिन्न ही उसकी बेटियों को अपने साथ ले गईं। वह बार-बार चिल्लाता रहा कि उसके परिवार पर ऊपरी हवा का साया है। दो बेटियों को मौत के घाट उतार देने के मामले में पुलिस ने अंधविश्वास के खिलाफ मुहिम छेड़ने का निर्णय लिया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि इसके लिए पुलिस गांव-गांव और शहरी कॉलोनी में चौपाल लगाकर काउंसिलिंग करेगी। इसके लिए पुलिस मनोचिकित्सकों की भी सहायता लेगी। पुलिस और अस्पताल के सूत्रों के अनुसार दोनों बेटियों के शरीर पर चोट के 20 से भी ज्यादा निशान पाए गए। इसके साथ ही शरीर पर दागने के भी निशान दिखे। हिरासत में लिए गए अली हसन, उसकी पत्नी और बेटी से की गई पूछताछ में सामने आया कि मारपीट से परेशान होकर बेटियां दया की भीख मांगती थी। ऐसा मानकर कि उनके अंदर छिपा शैतान बोल रहा है उन्हें और अधिक पीटा जाता था।

## चाय बागान में मिले दो शव का हुआ पोस्टमार्टम,गुमचोट लगाने से हुई मौत

देहरादून। रविवार को चाय बागान में बसंत विहार थाना क्षेत्र में दरू चौक से आगे परवल रोड के किनारे नहर में दो शव एक साथ मिले थे। दोनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद मौत की वजह गुम चोट लगना बताया जा रहा है। रविवार को चाय बागान में एक पुरूष संदीप मोहन धस्माना पुत्र मदन मोहन धस्माना निवासी अंबीवाला थाना बसंत विहार उम्र 40 वर्ष व एक महिला हेमलता पत्नी सुनील निवासी पितांबरपुर थाना बसंत विहार उम्र करीब 37 वर्ष के शव मिले थे। पूछताछ में सामने आया कि दोनों एक-दूसरे को जानते भी नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि हेमलता काम पर जाने के लिए घर से निकली थी जबकि संदीप मोहन मार्निंग वॉक के लिए निकले थे। सोमवार को सुबह साढ़े चार बजे से सात बजे तक उस रास्ते से आने वाले सभी लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। जिसमें सामने आया कि 5:50 तथा 5:55 बजे के बीच दो लोगों ने एक महिला को ब्राउन रंग के जूते पहने हुए देखा था। जिस से पुष्टि हुई की घटना 5.55 से पहले की है। इसके बाद पुलिस ने महिला की पैदल चलने की रफ्तार के बराबर महिला के घर से चल कर घटनास्थल के पास तक देखा गया। तो समय सुबह लगभग 5:40 के करीब का होना पाया गया। घटना से पूर्व सीसीटीवी फुटेज में महिला के पीछे से आ रहे व्यक्ति सुरेन्द्र चौधरी जो कि मृतका के घर के पास ही रहता है और रोज सुबह प्रिटिंग प्रेस में काम करने के लिए जाता है उससे पूछताछ की गई। सुरेन्द्र चौधरी ने बताया गया कि महिला उसके आगे-आगे पितांबरपुर सड़क से परवल तिराहा रोड तक गई थी। उसके बाद वो दरू चौक की तरफ मुड़ गया और वो परवल रोड की तरफ नीचे मुड़ गई थी। दोनो मृतकों के पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया गया। डाक्टरों का कहना है कि दोनों की मौत इंटरनल चोटों के कारण हुई है। जो किसी भारी सर्फेस के आब्जेक्ट से टकराने के कारण सम्भव है। क्योंकि मृतक संदीप को कोई बाह्य चोट नहीं है जबकि मृतक का लीवर डैमेज है और पेट में पूरा खून भरा हुआ था। जबकि हेमलता की मौत इंटरनल चोटें और इंटर्नल हेड इंजरी से होना बताया गया है। उसे भी कोई गंभीर बाह्य चोट नहीं है। दोनों की मृत्यु ऐसी चोट से तत्काल होना बताया गया है। इससे ऐसा लग रहा है कि मृतकों की मृत्यु किसी वाहन की टक्कर होने के कारण हुई हो। पुलिस टीम द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## आदर्श महाविद्यालय में विचार गोष्ठी और पुस्तक मेला आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। आदर्श राजकीय महाविद्यालय के किच्छा में अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन के द्वारा 'आज के परिदृश्य में महात्मा गांधी जी की विचारधारा की आवश्यकता क्यों' विषय पर एक गोष्ठी के आयोजन के साथ-साथ विभिन्न महापुरुषों के जीवन पर आधारित पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। हमारे गुरुजी आदर्श महाविद्यालय के सभागार में स्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए फाउंडेशन की रूपाली एवं जर्फ ताज ने कहा कि अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन द्वारा बच्चों की शिक्षा हेतु विशेष कार्य योजना लाई जा रही है जिसके तहत बच्चों को कॉलेज के माध्यम से विभिन्न प्रकार की पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा बदलते भारत के प्रदेश में महात्मा गांधी के विचारों की आवश्यकता क्यों पर गोष्ठियां आयोजित कर गांधी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व प्राचार्य नरेश कुमार गंगवार ने सभा का संचालन करते हुए बताया कि भारत के महापुरुषों के जीवन पर आधारित विभिन्न पुस्तकों का महाविद्यालय परिसर में लगाया गया है। प्रत्येक विद्यार्थी पुस्तकों का अवलोकन कर अध्ययन हेतु ले जा सकता है तथा महापुरुषों के जीवन से ज्ञान पाकर अपने जीवन पर चरितार्थ कर सकता है। इससे पूर्व प्राचार्य पुष्पा देवी ने कहा कि अजीम जी प्रेम जी ने अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण समर्पित किया हुआ है। उनका उद्देश्य भारत के संविधान की परिकल्पना को साकार करते हुए भारत के प्रत्येक नागरिक को शिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन ने कोरोना काल में सरकारों का सहयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसकी की किसी भी शब्दों में प्रशंसा पूर्ण नहीं की जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्य नरेश चंद्र को गंगवार प्रकाश भट्ट, डॉक्टर उमराव सिंह, हर्षित तिवारी, शुभम कुमार, के अलावा छात्र रोशनी अनन्या, फरदीन, रुखसाना, अर्चना,जय सिंद्रा,मेहनाज ,मेहविश, अनूप ,वंदना ,सरीन, काशिम फरहा, अनब बी आदि मौजूद थे।




## गुरु नानक जयंती पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर/किलाखेड़ा(उद संवाददाता)। गुरुनानक देव जी के 554 प्रकाश पर्व को समर्पित कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्री अखंड पाठ सहित शब्द कीर्तन, प्रभात फेरिया और कथा विचारों के अलावा गुरु के लंगर अटूट संचालित किए गए वहीं गुरुद्वारा सिंघ सभा केलाखेड़ा में गुरुनानक जयंती पर हेड ग्रंथी भाई कुलदीप सिंह जी ने सतगुरु नानक प्रगटिया तथा नानक दुनिया कैसी होई सालिक मित ना रहेयो कोई शब्द कीर्तन किया उनके साथ भाई मनप्रीत सिंह, सहजपाल सिंह,कीरत सिंह ने कीर्तन मैं सहयोग किया । इस मौके पर गुरु सिंह सभा किला खेड़ा प्रबंध कमेटी अध्यक्ष परमजीत सिंह,अजीत सिंह, अमृतपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, डॉ,मनोहर सिंह,नरेश सिंह आदि मौजूद रहे। वही ग्राम मढ़ैयाहट्टू में भी गुरुद्वारा शहीद सिंह साहब में भी गुरु नानक जयंती पर गुरबाणी पाठ कीर्तन एवं लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य सेवादार भाई दिलबाग सिंह,रागी चरणजीत सिंह,करण सिंह,सतविंदर सिंह,फौजा सिंह, अर्श आदि सहित भारी संख्या में संगत शामिल रही। इधर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा गदरपुर में रागी भाई अशोक सिंह, कथावाचक भाई राजेंद्र सिंह तथा गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं कथा के माध्यम से संगत को निहाल किया गया, कविश्री जत्था भाई गुरनाम सिंह द्वारा गुरु नानक देव जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालकर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया । इस मौके पर भारी संख्या में संगत ने सहभागिता की वहीं ग्राम केशवगढ़, सूरजपुर, अलख देवा, कनकटा, सकैनिया, गुरुनानकपुर, मुकुंदपुर सहित अनेकों ग्रामों में गुरु नानक जयंती पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम एवं गुरु के लंगर आयोजित किए गए।



## कांग्रेस नेता के घर में चोरों का धावा

काशीपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवम् शर्मा के आवास पर दीवार फांदकर चोर घुस आए। खटर पटर की आवाज सुनकर परिजन जाग गए। जिस पर चोर भाग खड़े हुए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है। गिरीताल रोड बसंत बिहार निवासी कांग्रेस नेता और व्यवसायी शिवम् शर्मा पुत्र स्व. दीपक शर्मा के आवास में रविवार की रात दो से ढाई बजे के बीच कुछ अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर अंदर घुस गये। लाबी में पहुंचकर वह सामान समेटने लगे। इसी बीच गृहस्वामी शिवम् बाथरूम के लिए उठे तो उन्हें कुछ आवाजें सुनाई दी। उन्होंने जब जाकर देखा तो चोर वहां से भाग निकले। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शिवम् शर्मा की बहन उर्मि शर्मा ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आईटीआई थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कांग्रेसी नेता की तहरीर पर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## खाई में बाइक गिरने से पिता-पुत्र की मौत

देहरादून। नई टिहरी में रायपुर-कुमाल्डा-कद्दूखाल मोटर मार्ग पर एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और एसडीआरएफ ने काफी मशक्कत के बाद शवों को रेस्क्यू कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही मरोड़ा गांव में कोहराम मच गया है। गांव में मातम पसर गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मरोड़ा गांव के गोविंद सिंह नेगी अपने बेटे सुमित के साथ देहरादून जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि गोविंद सिंह नेगी अपने बेटे सुमित के साथ दुकान का सामान लेने बाइक से देहरादून जा रहे थे। इस दौरान रायपुर- कुमाल्डा-कद्दूखाल मोटर मार्ग पर उनकी बाइक निर्यंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिसमें पिता-पुत्र की मौत हो गई। जंगल से घास लेकर आ रहीं महिलाओं ने इस हादसे की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

## गला रेतकर युवक की हत्या

देहरादून। निर्माणाधीन भंडारी बाग फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। एसएचओ राजेश साह ने बताया कि व्यक्ति की पहचान शंभू उम्र करीब 39 वर्ष के रूप में हुई है। किसी धारदार हथियार से गला रेता गया है। पुलिस जांच में जुटी है। शंभू रंगाई पुताई का काम करता था। रविवार शाम पांच बजे वह घर आ गया था। इसके बाद छह बजे फोन आया तो वह बाहर चला गया। 15 मिनट बाद पत्नी ने फोन किया तो एक घंटी गई और फिर फोन बंद हो गया। रात भर शंभू घर नहीं लौटा। सोमवार सुबह कुछ लोगों ने एक शव के रेलवे ट्रैक पर पड़े होने की सूचना दी तो शंभू की पत्नी निर्मला भी वहीं चली गई। उसने देखा कि शव उसके पति का है। उसका गला काटा हुआ था। पास में ही चाकू पड़ा था। गला इतना गहरा कटा था कि आहार नली में रात में खाए चिकन चावल भी दिख रहे थे।

# सीओ ने थाना धौलछीना का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद द्वारा थाना धौलछीना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में थाना परिसर महिला हेल्प डेस्क कर्मचारी बैरिक भोजनालय थाना सीसीटी एनएस कार्यालय मालखाना आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। कर्मचारी सम्मेलन में पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर समाधान किया गया तथा किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधे संपर्क करने हेतु अवगत कराया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों को सूचनाओं व अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिये गये व बीट कर्मचारियों को नियमित रुप से अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण कर सक्रिय रहते हुए लड़ाई-झगड़ा, आपसी विवाद की सूचनाओं पर तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही करने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए बेहतर पुलिसिंग हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम प्रहरियों को गरम टोपियां वितरित की गई। सीओ अल्मोड़ा द्वारा जाड़े के मौसम के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों को गरम टोपियां वितरित की गई। आदेश कक्ष इसके उपरांत सीओ अल्मोड़ा द्वारा थाना धौलछीना के विवेचकों का आदेश कक्ष ओआर आयोजित किया गया। आदेश



कक्ष ओआर विवेचकों द्वारा पुलिस व राजस्व पुलिस क्षेत्र की सम्पादित की जा रही लम्बित विवेचनाओं, निरोधात्मक कार्यवाही, शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच, शस्त्र लाइसेंस आवेदन पत्रों की जांच, पंचायतनामा जांच, माननीय न्यायालय के आदेशों की तामीली व पुलिस कार्यालय से प्राप्त होने वाले समस्त अहकामातों की जांचों की विस्तृत समीक्षा की गयी। सीओ अल्मोड़ा द्वारा सभी अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए लम्बित विवेचनाओं शिकायती प्रार्थना पत्रों व न्यायालय के आदेशों का शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये सभी को आगामी चुनावों के मद्देनजर अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही करने, मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री करने वालों की विरुद्ध कार्यवाही करने व प्रचलित अभियानों में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष सुशील कुमार, समस्त अपर उपनिरीक्षक सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। गोष्ठी उपरांत थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में उपस्थित जनों से क्षेत्र में बेहतर पुलिस व्यवस्था हेतु समस्याओं व सुझाओं पर चर्चा की गयी तथा बताये गये सुझावों पर कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया तथा थाना क्षेत्र में शान्ति, कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी। हेल्पलाइन नंबरों, उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति की जानकारी दी गई और साईबर क्राईम व किरायेदार सत्यापन के प्रति जागरुक किया गया।

# सभासद सिमरनजीत को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा किच्छा में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सभासद सिमरनजीत कौर को शील्ड देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा में लंगर हॉल में मार्बल पत्थर लगाने की घोषणा को पूरा करते हुए सभासद सिमरनजीत कौर ने गुरुद्वारे के लंगर हॉल में पत्थर लगवाने का कार्य पूरा किया है। जिसके तहत गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रबंधको ने सभासद सिमरनजीत का स्वागत कर उन्हें सिरोपा भेंट किया और उनका स्वागत किया गया इस मौके पर सभासद सिमरनजीत कौर ने कहा कि उनके द्वारा वार्ड एवं क्षेत्र में अनेक विकास कार्य किए गए उसी के तहत गुरुद्वारा सिंह सभा लंगर हॉल में मार्बल पत्थर का कार्य भी उसमें से एक है। उन्होंन प्रयास किया कि वार्ड के हर अंतिम छोर तक विकास की



किरण लहराई जा सके इसी के तहत उन्होंने पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली के मार्गदर्शन में इस कार्य को करने में सफल रही है उन्होंने इसके लिए पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली का भी धन्यवाद दिया है ।और उन्होंने कहा है कि आगे विधानसभा विधायक तिलक राज बेहड़ से मिलकर वार्ड में अनेक कार्य जो रह गए हैं उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। सभासद सिमरनजीत कौर ने कहा है कि रेलवे फाटक से लेकर गोला नदी तक का रोड मंजूर हो चुका है जिसे जल्द शुरू करवाया जाएगा वार्ड में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे अगर जनता ने उन्हें दोबारा मौका दिया तो इससे बढ़कर काम करने की उन्होंने बात कही है ।

# संविधान दिवस पर वेबीनार आयोजित

नैनीताल (उद संवाददाता)। डॉ राजेंद्र प्रसाद विधि संस्थान, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा संविधान दिवस पर वेबीनार आयोजित किया गया जिसमें विशिष्ठ अतिथि एवं वक्ता प्रो० के सी जोशी पूर्व कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के द्वारा संवधानिक मूल्य, विधि शासन, शक्ति पृथक्करण, न्याय पालिका की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई एवम् प्रो० एस डी शर्मा पूर्व संकायाध्यक्ष एवम् विभागाध्यक्ष (विधि) सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के द्वारा राज्यपाल की भूमिका, प्रसाद पर्यन्त का सिद्धांत, संवैधानिक नैतिकता, संविधान के मूलभूत सिद्धांत और यूजीसी की वेबसाइट पर प्रस्तावना की शपथ लेकर प्रमाण पत्र लेने सम्बंध में बताया गया। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो चंद्र दत्त सूंठा ने कहा कि संविधान की जानकारी सभी नागरिकों को होनी चाहिए कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत एवम परिचय प्रो ललित तिवारी द्वारा किया गया। प्रो तिवारी ने संविधान के बुनियादी बिंदुओं तथा उसकी संरचना का पूरा विवरण प्रस्तुत किया तथा इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर प्रो नीता बोरा शर्मा, प्रो गीता तिवारी, प्री नीलू लोधियाल ,डॉक्टर वी के रंजन, डॉ एस सी पांडे, डॉ एम एस गुसाई, डॉक्टर फरजाना अजीम, लवली ,पवार डॉ कविता, गौरवी जोशी, निष्ठा एव विधि के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने प्रस्तावना की शपथ ली। इस कार्यक्रम की संयोजिका विधि विभागाध्यक्ष डॉ दीपाक्षी जोशी ने वेबिनार में उपस्थित सभी लोगों का आभार एवम धन्यवाद वयक्त किया।

# भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया के छोटे भाई विजय हुड़िया एवं राजेंद्र अरोड़ा का नवनिर्मित द रॉयल रिसोर्ट में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर का स्वागत पुष्प गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने विजय हुडिया एवं राजेंद्र अरोरा को



बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की । इस शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता अशोक हुडिया, हरलोक सिंह नामधारी, चकित हुडिया, जसवीर चीमा, मनोज शर्मा, राकेश भुड्डी, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप राणा, मुनि भुसरी , विकास शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर किया जानलेवा हमला

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरो ने लाठी डंडे से लैस होकर युवक को बेरहमी से मारपीट कर घसीटते हुए सड़क पर खड़ी कार तक ले जाने लगे, तब तक आस पास के लोगों ने हल्ला मचा कर युवक को बचा लिया युवक के भाई ने दो नामजत सहित 10 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। गदरपुर वार्ड नंबर 4 निवासी मनोज कुमार ने थाने में दी तहरीर में कहा है उसका भाई विनोद कुमार देर रात्रि घर में खाना खाने के बाद टहल रहा था। अचानक कुछ लोगों ने लाठी डंडे तथा तमंचे से लैस होकर विनोद पर जानलेवा हमला कर दिया। और मारपीट करते हुए घर से घसीटते हुए सड़क पर खड़ी कार तक ले जाकर जबरदस्ती उसमें बैठाकर अपहरण करने का भी प्रयास किया। वही विनोद के द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। भीड़ को आता देख हमलवारों ने युवक को अधमरा कर सड़क पर फेंक कर मौके से फरार हो गए। वही एक युवक ने कुछ घटनाक्रम को अपने मोबाइल में कैद कर लिया जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया वही ग्रामीण तथा युवक के परिजन गंभीर हालत में युवक को गदरपुर सीएससी केंद्र पहुंचाया। और 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में युवक से घटना की जानकारी ली। गदरपुर थाना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी ने बताया मामले की सूचना 112 पर मिली। जिसमें घटना स्थल का मौका गुआयना किया जा रहा है। मामले की कोई लिखित तहरीर नहीं पहुंची है। फिर भी घटना की जांच की जा रही है।

# पहाड़ से मैदान तक बदला मौसम बारिश और बर्फबारी का अलर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मंगलवार को मौसम बदल गया है। पहाड़ से मैदान तक ठंड बढ़ गई है। सुबह बदरीनाथ धाम में ताजा बर्फबारी हुई। वहीं, निचले इलाकों में बादल छाए हैं। कुछ इलाकों में दिन की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई। पहाड़ो की रानी मसूरी, कैम्पटी और धनोल्टी में बादल छाए हैं। वहीं, शहर में सुबह का अधिकतम तापमान 7 डिग्री तक लुढ़का है। जिससे ठंड में इलाफा हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों उत्तरकाशी, चमोली व पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने की भी संभावना है। मैदानी क्षेत्रों खासकर हरिद्वार व ऊधमसिंहनगर में कोहरा छा सकता है जबकि दून में बादल छाए रहेंगे।मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं हल्की और गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। 3500 मीटर के अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने की संभावना है। हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर के कुछ क्षेत्रों में मध्यम कोहरा छा सकता है। शेष जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा। दून में कहीं आसमान साफ और कहीं आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दून का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## पेज एक का शेष...

**नगर निगम में ..**जनता के बीच में उनकी अलग पहचान बनी हैं। उनके कार्यकाल का लाभ आगामी निकाय चुनाव में भी पार्टी को मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी ने केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धामी सरकार के कार्यों को भी सराहना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व शक्ति बनने जा रहा है। आज विश्व भर में भारत को नई पहचान मिली है। उत्तराखण्ड के प्रति प्रधानमंत्री का विशेष लगाव रहा है। उनके आशीर्वाद से आज उत्तराखण्ड भी समृद्ध और खुशहाल राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रदेश में जल्द ही होने जा रहे इनवेस्टर समिट से औद्योगिक विकास की गति और तेज होगी। मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों से अब तक हजारों करोड़ के निवेश के करार हो चुके हैं इससे प्रदेश में लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल घई भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान उत्तम दत्ता सुरेश परिहार नेत्रपाल मौर्य के के दास राकेश सिंह तरुण दत्ता नत्थू लाल गुप्ता राम प्रकाश गुप्ता सत्य प्रकाश चौहान धीरेश गुप्ता राधेश शर्मा पार्षद सुशील चौहान विधान राय निमित्त शर्मा भवन गुप्ता अंबर सिंह सुशील यादव शैलेंद्र रावत रजनी रावत डॉ राकेश सिंह आयुष तनेजा विनय विश्वास सुनील कुमार बाबा प्रमोद शर्मा बबलू सागर राजेश जग्गा रश्मि रस्तोगी श्वेता मिश्रा फरजाना बेगम परवेज खान नरेश सागर अनीता बरेठा कविता सागर मुकेश पाल प्रेमपाल लोधी वीरेंद्र राठौड़ सतपाल गंगवार मुरली यादव संजय हालदार राकेश दास भूपराम लोधी रेनू शर्मा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**जयंती पर ..**तिवारी, डीएन यादव, लक्ष्मी पाल, रमेश चन्द गुड्डू, प्रेमनारायण श्रीवास्तव, मुन्ना तिवारी, विनोद मान, दया शंकर, राधेश शर्मा, दिनेश शुक्ला, मनीष शुक्ला, हंसराज अरोरा, कृष्णलाल नारंग, मोहन लाल खुग्गर, मनीष छावड़ा, सत्यप्रकाश चौहान आदि मौजूद थे।

# टीएमयू में वरदान साबित होगा क्वालिटी सर्किल फोरम

मुरादाबाद (उद ब्यूरो)। क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, दिल्ली चेप्टर के कन्वीन्सन चेयरपर्सन एंड एडमिन ज्वाइंट सेक्रेटरी श्री अनिरूद्ध कौशिक बोले, क्वालिटी सर्किल दुनिया भर में एक लोकप्रिय व्यावसायिक अवधारणा है। क्वालिटी सर्किल फोरम का असल मकसद- कारिंदों की दुश्वारियों के समाधान, उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार और कार्यस्थल में उच्च मानकों को सुविधाजनक बनाना है। फोरम टीम वर्क को विकसित करता है। साथ ही साथ आत्मविश्वास और नौकरी की संतुष्टि बढ़ाना है। श्री कौशिक तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया, दिल्ली चेप्टर के सहयोग से क्वालिटी सर्किल इंपलिमेंटेशन इन यूनिवर्सिटी फ्रेमवर्क: फ्रॉम विजन टू एक्जीक्यूशन पर आयोजित ओरियंटेशन सेशन में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। श्री कौशिक ने क्वालिटी सर्किल के स्ट्रक्चर, प्राब्लम्स सॉल्विंग प्रोसेस, टूल्स, बेनिफिट्स आदि पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स श्रीमती नेहा आनन्द ने किया। श्री कौशिक ने क्वालिटी सर्किल की कार्यप्रणाली को समझाते हुए कहा, यूनिवर्सिटी ढांचे में गुणवत्ता चक्र लागू करने में कई चरण शामिल होते हैं। इसमें गुणवत्ता मंडलों का गठन, प्रशिक्षण और जागरूकता, विषयों का चयन, समस्या विश्लेषण, समाधान आदि शामिल है। सबसे पहले हमें क्वालिटी सर्किल में भाग लेने के इच्छुक संकाय कर्मचारियों और छात्रों की पहचान करनी हैं। उसके बाद विशिष्ट क्षेत्रों या मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए छोटे समूह बनाने होंगे। क्वालिटी सर्किल से संबंधित अवधारणा, उपकरण और कार्यप्रणाली के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने होंगे। मेंबर्स को यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, छात्र सेवाओं आदि से प्रासंगिक विषयों या क्षेत्रों की पहचान करने और चयन करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिनमें सुधार की आवश्यकता है। विचार-मंथन, कारण-और-प्रभाव विश्लेषण आदि उपकरणों का उपयोग करके पहचानी गई समस्याओं का विश्लेषण करने के लिए क्वालिटी सर्किल्स को प्रोत्साहित करें। वीसी प्रो. रघुवीर सिंह बोले, क्वालिटी सर्किल से सेल्फ डवलपमेंट, सोशल डवपलमेंट, नॉलेज गेन करने के अवसर, पोटेंशियल लीडर, कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाने, जॉब संतुष्टि, हैल्दी वर्क इन्वायरमेंट, ऑर्गेनाइजेशन बेनिफिट्स आदि में मदद मिलेगी। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है। टीम भावना का विकास होता है। साथ ही संगठन की प्रोडक्टिविटी भी बढ़ती है। रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने कहा, क्वालिटी सर्किल कार्यस्थल में गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करने में प्रभावी साबित होगा। इन्हें स्थापित करना भी आसान है। यह एक उत्कृष्ट समस्या-समाधान रणनीति हैं, जिसमें फ्रंट-लाइन कर्मचारी शामिल हैं। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन बोलीं, यूनिवर्सिटी के एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेशन प्रोसेस की क्वालिटी में सुधार के लिए क्वालिटी सर्किल जरूरी है। एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेशन क्रियाकलापों को क्रियान्वयन करने वाले व्यक्तियों को क्वालिटी सर्किल की जानकारी देना और इसका इंप्लीमेंटेशन करना बेहद आवश्यक है। ओरियंटेशन सेशन में प्रो. एमपी सिहं, प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. विपिन जैन, प्रो. मनीष गोयल, डॉ. प्रवीन कुमार जैन, प्रो. शिवानी एम. कौल, प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, प्रो. एसके सिंह, डॉ. आशेन्द्र कुमार सक्सेना, प्रो. मनु मिश्रा, श्री रविन्द्र देव, डॉ. पंकज गोस्वामी, प्रो. जसलीन एम., डॉ. पीयूष मित्तल, प्रो. नवनीत कुमार, प्रो. मनीष यादव, डॉ. प्रदीप तांगडे, डॉ. गीतान्शु डावर आदि मौजूद रहे।

# युवा एआई के क्षेत्र में भी फहराएं परचम

मुरादाबाद (उद ब्यूरो)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एचआर निदेशक मनोज कुमार जैन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति मोटिवेट करते हुए कहा, भारत युवाओं का देश है। देश में एक से बढ़कर एक मेधा है। ऐसे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले मेधावी युवाओं से उम्मीद है, वे एआई के क्षेत्र में भी वैश्विक परचम फहराएं। साथ ही बोले, 70 बरस पूर्व ईजाद एआई क्षेत्र में भारत आशातीत तरक्की नहीं कर पाया है। एआई के प्रति हमें अपना समग्र दृष्टिकोण बदलना होगा। पॉजिटिविटी को आत्मसात करना होगा। डीपफेक समाज के लिए अभिशाप है। हमारी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में इस बरस एआई/ एमएल/ डीएल के संग-संग सीएस कोर्स में करीब छह सौ स्टुडेंट्स ने प्रवेश लिया है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Manjeet Kaur Gaba (पुराना नाम) से बदलकर Manjit Kaur (नया नाम) कर लिया है अतः भविष्य में मुझे Manjit Kaur (नया नाम) w/o Jagmohan Singh के नाम से जाना पहचाना जाये।

वर्तमान पता w/o Jagmohan Singh R/o H.No.-B/55, Khushi Enclave, Rampura Part,Bhoora Rani, Rudrapur, Udham Singh Nagar, Uttrakhand 263153



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy
Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000
HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade
bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy S23 FE
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Own at
₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic,
Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank,
Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
YES BANK
HDFC BANK
AMERICAN EXPRESS
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन